Chapter - 1
Introduction of HTML

Introduction of HTML

HTML का पूरा नाम Hyper Text Markup Language हैं इन्टरनेट के लिए HTML की खोज Tim Berners Lee (टिम बर्नर्स ली) ने की थी HTML बेव प्रोग्राम की सबसे आसान व अत्यधिक प्रचलित भाषा हैं इसमें बनाये गए वेब पेज में सामान्यत: साधारण टेक्स्ट शामिल किये जाते हैं | Hyper Text Markup Language का पूर्ण स्वरुप निम्न प्रकार हैं-

Hyper (हाइपर)

Hyper शब्द का अर्थ Hyperlink से हैं अर्थात् इन्टरनेट पर डॉक्यूमेंट को देखने का कोई निर्धारित क्रम नहीं होता हैं जब आप इन्टरनेट पर कार्य कर रहे होते हैं और आपको अपनी आवश्यकतानुसार कोई डॉक्यूमेंट देखना हैं तो आप सीधे ही वहां पर तुरंत पहुँच सकते हैं यह कार्य हाइपर के द्वारा होता हैं |

Text (टेक्स्ट)

यह बताता हैं कि हम जिन फाइल पर कार्य करते हैं उनमें केवल टेक्स्ट ही लिखा जा सकता हैं |

Markup (मार्कअप)

Markup शब्द का अर्थ हैं की वेब पेज बनाने के लिए हम सर्वप्रथम टेक्स्ट टाइप करते हैं तत्पश्चात उस टेक्स्ट की मार्किंग करते हैं दूसरे शब्दों में हमें HTML Coding करते समय यह बताना होता हैं कि कोनसा टेक्स्ट बोल्ड किया जाना हैं और कहाँ पर कोई इमेज लगानी हैं|

Language (लैंग्वेज)

इसका अर्थ हैं कि हम अपना कार्य करने के लिए एक भाषा को उसके प्रारूप के साथ काम में ले रहे हैं|

HTML की कोडिंग करने के लिए एडिटर का प्रयोग किया जाता हैं जिन्हें HTML editor कहाँ जाता हैं जैसे – Notepad, Word pad, MS Word कार्य करने के बाद इस फाइल को .htm या .html extension के साथ Save कर दिया जाता हैं जिससे ये एक वेब पेज के रूप Save हो जाती हैं अब इस फाइल को एक वेब ब्राउज़र जैसे – Mozilla Firefox, Google Chrome आदि में देखा जाता हैं यही वेब पेज होता हैं |

HTML के प्रोग्राम लिखने का कोई अपना editor नहीं होता हैं अत: सामान्यत: इन प्रोग्रामो को विंडोज के नोटपैड में बनाया जाता हैं तथा उन्हें क्रियान्वित करने के लिए भी ब्राउज़र प्रोग्राम जैसे – Google chrome का प्रयोग किया जाता हैं |